संख्या–पी–205/81–2–2021–800(155)/2021

प्रेषक,

आर0 पी0 सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 **लखनऊ, दिनांक** 27 **अगस्त, 2021**

विषय– जनपद सोनभद्र के ओबरा वन प्रभाग में मे0 अल्ट्राटेक सीमेन्ट लि0, डाला, सोनभद्र द्वारा कजरहट (डाला) लाईम स्टोन माइन्स के अन्तर्गत 294.082 हे0 आरक्षित वनभूमि एवं भलुआ लाईम स्टोन माइन्स के अन्तर्गत 50.606 हे0 आरक्षित वनभूमि अर्थात कुल 344.688 हे0 आरक्षित वनभूमि पर खनन कार्य हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अन्तर्गत 30 वर्षो के लीज पर हस्तान्तरित किये जाने एवं बाधक 16534 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।
(प्रस्ताव संख्या–एफपी/यूपी/Min/47074/2020)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–674/11–सी––एफपी/यूपी/Min/47074/2020 दिनांक 28.05.2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें। उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के परीक्षणोंपरान्त पाया गया है कि परियोजना के साथ पार्ट–1 में यूजर एजेन्सी द्वारा लीज अवधि 10 वर्ष अंकित की गई है। प्रस्ताव के पृष्ठ–221 पर लीज अवधि के सम्बन्ध में 10 वर्ष हेतु बचनबद्धता संलग्न की गई है। मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी के पत्र में लीज अवधि 30 वर्ष अंकित की गई है। यूजर एजेन्सी के पार्ट–1 एवं नोडल अधिकारी के प्रस्ताव में अन्तर है। प्रस्ताव के पार्ट–2 के बिन्दु–11 में उल्लंघन के सम्बन्ध में सूचनायें अंकित की गई है, उल्लंघन की अवधि 46 वर्ष अंकित की गई है, परन्तु उल्लंघन हेतु दोषी अधिकारी/व्यक्ति नाम न अंकित करते हुए "कोई नहीं" (None) अंकित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त प्रस्ताव वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत समुचित परीक्षण भी किया जाय।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार स्थिति स्पष्ट करते हुए अपनी सुस्पष्ट संस्तुति सहित प्रस्ताव शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा।
3. सी0ओ0ओ0, मे0 अल्ट्राटेक सीमेन्ट लि0, यूनिट–डाला सीमेन्ट वर्कस, एस0एच0–5 पोस्ट डाला जनपद–सोनभद्र।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

Data D. SO.Nodal.GO